SPEEDY

GET IT ON Google Play

e-book Available

# सामान्य हिन्दी

अध्यायवार एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नों सहित

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं
के लिए सामान्य रूप
से उपयोगी

**By : Suchit Kumar**

SPEEDY®

# सामान्य हिन्दी

(सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए उपयोगी)

*By : Suchit kumar*

**SPEEDY PUBLICATION**

Patna - 800 004

■ **प्रकाशक :**

Speedy Publication

Dariyapur Gola, Patna - 800 004

Mob No : 09934927362

E_mail : speedypb04@yahoo.in

Website : www.speedypublication.in

© **प्रकाशक**

■ पुस्तक को मुद्रित करते समय सामग्री के संबंध में यथासंभव सावधानी बरती गई है। फिर भी, यदि कुछ त्रुटियाँ रह गई हो तो इसके लिए लेखक या प्रकाशक उत्तरदायी नहीं है।

■ इस पुस्तक का कॉपीराइट सुरक्षित है। अतः इस पुस्तक के किसी भी अंश का नकल करने या किसी अन्य रूप से छापनेवाला व्यक्ति इसकी क्षति के लिए जिम्मेवार होगा।

■ **मूल्य : 150/-**

■ **कम्पोजिंग**

**कुन्दन कुमार**

■ **मुद्रक :**

**लक्ष्मी ऑफसेट प्रिंटर्स**
**पटना**

**Our Distributors :**

- पटना : 9693666023, 9431647013, 9386253465, 08294576789, 7319658921, 09102202025
- आरा : 9507126911 ■ सिवान : 7654430177
- समस्तीपुर : 9931911943, 9801826311 ■ झाझा : 7463963948
- दरभंगा : 8271806331 ■ खगड़ीया : 9430042497
- बिहार शरीफ : 7903048124, 6204334832
- जहानाबाद : 9031074273 ■ नवादा : 9110146304
- हाजीपुर : 7323033127 ■ औरंगाबाद : 8298347581
- दिल्ली : 011-43621764, 09810703008, 09368382028
- हरियाणा : 09812556687 ■ रेवाड़ी : 07988669327
- धनबाद : 0326-2302493 ■ बोकारो : 06542-234706
- कानपुर : 09450140350 ■ गजियाबाद : 09891514864
- झांसी : 09415428513, 09889698132 ■ ग्वालियर : 09425116210
- भोपाल : 09755414190, 7987665801, 9826313349, 9111011139
- गोरखपुर : 09838883666 ■ सागर (म०प्र०) : 09425451565
- सहारणपुर : 9045400004, 9359282808, 8979514964
- जबलपुर : 9826541542 , 07612653200 रतलाम : 9827367122
- इलाहाबाद : 08004411674, 07844024667
- दुर्ग : 09407684121 ■ मुरादाबाद : 09412512531
- राँची : 0651-2213374/2212447 ■ रायपुर : 07712533243
- कोटा : 09214311300 ■ उज्जैन : 09827259249
- इंदौर : 07314004101, 07312452680 ■ **भुवनेश्वर : 9238323349**
- बिलासपुर : 09300227355, 09826340445
- भिलाई : 09893482629 ■ कोलकाता : **6289336506**
- जयपुर : 0141-4015827/2329774/2327405, 09079692820
- गंगापुर सिटी : 07463233338, 09828565850
- मेरठ : 0121-2640540/4006978 ■ आगरा : 09897294441
- मुजफ्फरनगर : 0131-2623189, 9897677644
- नागपुर : 07709004191 ■ शामली : 9756568000, 9456264765

# Contents


| S. No. | Chapters. | P.No. |
|---|---|---|
| 1. | हिन्दी भाषा परिचय | 1-3 |
| 2. | भाषा एवं लिपि | 4-7 |
| 3. | वर्ण एवं ध्वनि | 8-12 |
| 4. | शब्द विचार | 13-17 |
| 5. | संज्ञा और उसके भेद | 18-19 |
| 6. | सर्वनाम और उसके भेद | 20-21 |
| 7. | विशेषण और उसके भेद | 22-25 |
| 8. | अव्यय ( अविकारी शब्द ) | 26-27 |
| 9. | लिंग और उसके भेद | 28-30 |
| 10. | वचन और उसके भेद | 31-32 |
| 11. | उपसर्ग | 33-34 |
| 12. | प्रत्यय | 35-37 |
| 13. | संधि और उसके भेद | 38-43 |
| 14. | समास और उसके भेद | 44-48 |
| 15. | वाक्य विचार | 49-53 |
| 16. | शुद्ध-वर्तनी | 54-57 |
| 17. | वाक्य-रचना की अशुद्धियाँ | 58-64 |
| 18. | वाक्य क्रम | 65-70 |
| 19. | रिक्त स्थानों की पूर्ति | 71-78 |
| 20. | पर्यायवाची शब्द | 79-84 |
| 21. | विलोम शब्द | 85-90 |
| 22. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 91-97 |
| 23. | मुहावरे | 98-102 |
| 24. | लोकोक्तियाँ | 103-107 |
| 25. | युग्म एवं अनेकार्थक शब्द | 108-111 |
| 26. | अपठित गद्यांश | 112-119 |
| 27. | गद्यांश ( रिक्त स्थानों की पूर्ति ) | 120-123 |
| 28. | रस, छंद एवं अलंकार | 124-135 |
| 29. | प्रसिद्ध रचनाएँ एवं रचनाकार | 136-140 |

आपके नजदीकी बुक स्टॉल पर उपलब्ध

## BPSC PT, बिहार दारोगा, BSSC

### परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें।




*Join Telegram*

**डेली टेस्ट सीरीज, करेंट अफेयर्स, फ्री पीडीफ तथा लेटेस्ट अपडेट के लिए हमारे Telegram चैनल से जुड़े। जुड़ने के लिए ऊपर दिए गये QR Code को स्कैन करे।**

# हिन्दी भाषा परिचय

हिन्दी विश्व की लगभग 3000 भाषाओं में से है। यह भारत की बहुसंख्यक लोगों की भाषा है। इसका प्रारंभ 1000 ई॰पू॰ में हुआ। यह यूरोपीय (Indo-European) परिवार की भाषा है। इसकी आदि जननी संस्कृत है। इस भाषा का जन्म वैदिक संस्कृत से हुआ है। हिन्दी विश्व में चीनी एवं अंग्रेजी के बाद तीसरे नम्बर की सबसे बड़ी भाषा है। यह भारत की राजभाषा के रूप में सरकारी कामकाज की भाषा है तथा बहुसंख्यक लोगों की भाषा के रूप में भारत की राष्ट्रभाषा है।

हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा 1965 से है। 14 सितम्बर 1949 को भारतीय संविधान ने हिन्दी को भी संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। संविधान के अनुच्छेद-343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है।

## हिन्दी भाषा का क्रम

हिन्दी को वैदिक संस्कृत से आधुनिक युग की भारतीय भाषाओं तक आने में निम्न चार-चरणों से होकर गुजरना पड़ा –

1. वैदिक संस्कृत (500 ई॰पू॰ से 800 ई॰पू॰ तक) जिसमें चार वेदों की रचना हुई।
2. लौकिक संस्कृत (800 ई॰पू॰ से) जिसमें रामायण, महाभारत आदि महाकाव्य लिखे गए।
3. पाली और प्राकृत लौकिक संस्कृत का परिवर्तित रूप है। इसमें बौद्ध साहित्य भी लिखा गया।
4. अपभ्रंश प्राकृत का परिवर्तित रूप देश में उस समय गैर-सेवी, मराठी, महाराष्ट्र आदि कई रूप प्रचलित थे।

**नोट :** इस विकास क्रम से स्पष्ट है कि द्रविड़ परिवार की तमिल, तेलुगु, मलयालम तथा कन्नड़ को छोड़कर भारत की सभी भाषाओं का विकास अपभ्रंश से हुआ।

## मानक हिन्दी

मानक हिन्दी को परिनिष्ठित हिन्दी या स्टैण्डर्ड हिन्दी भी कहा जाता है। इसका मूल आधार खड़ी बोली है। वास्तव में मानक हिन्दी उस हिन्दी को कहते हैं जो हिन्दी क्षेत्र के नगरों में बोली जाने वाली सामान्य भाषा है। इसी भाषा में हिन्दी की पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित होती हैं। यही मानक हिन्दी उच्च शिक्षा का माध्यम है तथा यही रेडियो एवं दूरदर्शन के हिन्दी कार्यक्रमों की भाषा है। वस्तुत: मानक हिन्दी को ही राजभाषा के रूप में संविधान ने स्वीकृति दी है। जब हम यह कहते है कि हमें दक्षिण भारत में हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना चाहिए, तब हिन्दी से हमारा तात्पर्य मानक हिन्दी से होता है, न कि अवधी, ब्रज, बघेली या मैथिली से।

## अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य

- हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है।
- अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को मनाया जाता है।
- भारत में अंग्रेजी को राजभाषा का दर्जा नागालैंड एवं मिजोरम में दिया गया है।
- केन्द्रीय अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा संस्थान हैदराबाद में है।
- प्रथम हिन्दी सम्मेलन भारत में 1975 ई॰ में नागपुर में हुआ था।
- हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का विचार सर्वप्रथम बंगाल में उदित हुआ।
- हिन्दी में आशुलिपि के जन्मदाता राधेलाल द्विवेदी है।
- हिन्दी का प्रथम बड़ा महाकाव्य 'पद्मावत' है।
- संसार का सबसे बड़ा महाकाव्य 'महाभारत' है।
- विश्व का आदि महाकाव्य 'रामायण' को तथा आदिकवि बाल्मिकी को माना जाता है।
- भारत के प्रथम राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त है।
- हिन्दी विषय पर प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार (चिदम्बरा हेतु) पाने वाले भारतीय सुमित्रानंदन पंत थे।
- आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा को कहा जाता है।
- हिन्दी साहित्य में सुकुमार कवि के नाम से सुमित्रानन्दन पंत जाने जाते है।
- आधुनिक युग का तुलसी मैथलीशरण गुप्त को कहा जाता है।
- हिन्दी का आदि कवियत्री मीराबाई को कहा जाता है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**1. हिन्दी दिवस मनाया जाता है –**

(A) 8 अक्टूबर को (B) 8 मार्च को
(C) 14 दिसम्बर को (D) 14 सितम्बर को

**2. आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है ?**

(A) महादेवी वर्मा (B) अरूधंती राय
(C) सरोजनी नायडू (D) निर्मला दत्ता

**3. 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' किसका लिखा है ?**

(A) डॉ॰ रामकुमार वर्मा (B) डॉ॰ रामस्वरूप चतुर्वेदी
(C) डॉ॰ बच्चन सिंह (D) डॉ॰ नामवर सिंह

**4. 'रामबोला' बचपन में किसका नाम था ?**

(A) सूरदास (B) तुलसीदास
(C) कबीरदास (D) अग्रदास

**5. तुलसीदास का जन्म कब हुआ था ?**

(A) 1520 में (B) 1554 में
(C) 1680 में (D) 1550 में

**6. आदिकाल को 'वीरगाथाकाल' किसने कहा ?**

(A) पं॰ हजारी प्रसार द्विवेदी (B) डॉ॰ रामविलास शर्मा
(C) पं॰ रामचन्द्र शुक्ल (D) पं॰ विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा

**7. हिन्दी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है ?**

(A) मागधी अपभ्रंश (B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्धमागधी अपभ्रंश (D) नागर अपभ्रंश

**8. निम्नलिखित में कौन कवि 'राष्ट्रकवि' कहलाते है ?**

(A) हरिवंशराय बच्चन (B) सुमित्रानंदन पंत
(C) मैथलीशरण गुप्त (D) रामधारी सिंह दिनकर

**9. आधुनिक युग का तुलसी किसे कहा जाता है ?**

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) विद्यापति
(C) मैथलीशरण गुप्त (D) हरिवंश राय बच्चन

**10. हिन्दी साहित्य में किस कवि को 'कवियों का कवि' कहा गया ?**
(A) अज्ञेय (B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) रामेशर बहादुर सिंह (D) हरिवंश राय बच्चन

**11. महात्मा गांधी ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए किस संस्था की स्थापना की थी -**
(A) गुजरात हिन्दी विद्यापीठ (B) हिन्दुस्तानी प्रचार सभा
(C) हिन्दी साहित्य सम्मेलन (D) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

**12. मानक हिन्दी से क्या तात्पर्य है ?**
(A) आदर्श के रूप में हिन्दी का स्वीकार्य रूप
(B) केवल लिखने-पढ़ने की हिन्दी
(C) साधारण बोलचाल की हिन्दी
(D) मध्यकालीन साहित्यिक पुस्तकों की हिन्दी

**13. आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन (World Hindi Conference, 2007 ई०) का आयोजन स्थल है ?**
(A) नई दिल्ली (भारत) (B) न्यूयार्क (अमेरिका)
(C) पोर्ट लुई (मॉरिशस) (D) लंदन (यूके)

**14. हिन्दी कविता को छन्दों की परिधि से मुक्त कराने वाले थे ?**
(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) जयशंकर प्रसाद
(C) महादेवी वर्मा (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**15. कबीरदास की भाषा थी ?**
(A) खड़ी बोली (B) सधुक्कड़ी
(C) कन्नौजी (D) ब्रज

**16. तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस' में कितने काण्ड है ?**
(A) आठ (B) सात
(C) पाँच (D) नौ

**17. 'दक्षिणी भारत हिन्दी प्रसार सभा' का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?**
(A) हैदराबाद (B) बंगलौर
(C) चेन्नई (D) मैसूर

**18. विश्व की भाषाओं को कितने परिवारों में बाँटा गया है ?**
(A) 12 (B) 14
(C) 16 (D) 10

**19. भाषा का संबंध संविधान की किस अनुसूची से है ?**
(A) 10वीं (B) 11वीं
(C) 8वीं (D) 9वीं

**20. संसार का सबसे बड़ा महाकाव्य है ?**
(A) रामायण (B) महाभारत
(C) गीतांजली (D) कोई नहीं

**21. संसार की भाषाओं में हिन्दी का कौन-सा स्थान है ?**
(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा

**22. हिन्दी किस परिवार की भाषा है ?**
(A) सामी (B) भारोपीय
(C) तूरानी (D) पापुई

**23. हिन्दी का प्राचीनत्तम रूप मिलता है -**
(A) ऋग्वेद में (B) सामवेद में
(C) यजुर्वेद में (D) अथर्ववेद में

**24. 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग' की रचना कब हुई थी ?**
(A) 1910 ई० (B) 1915 ई०
(C) 1920 ई० (D) 1925 ई०

**25. हिन्दी का पहला समाचार पत्र है -**
(A) बगदूत (B) उदंत मार्त्तण्ड
(C) लोकमित्र (D) प्रजाहितैषी

**26. निम्नलिखित में से 'कृत्रिम हिन्दी' किसे कहा गया है ?**
(A) रेख्ता (B) हिन्दवी
(C) बाँगरू (D) दरद

**27. निम्नलिखित भाषाओं में से 'हिन्दी की ही एक शैली' किसे कहा जाता है ?**
(A) अरबी को (B) फारसी को
(C) तुर्की (D) उर्दू को

**28. संस्कृत भाषा का प्राचीनतम रूप कहाँ द्रष्टव्य होता है ?**
(A) ऋग्वेद (B) उपनिषद्
(C) रामायण (D) महाभारत

**29. भारतवर्ष में हिन्दी को आप किस वर्ग में रखेंगे ?**
(A) राजभाषा (B) राष्ट्रभाषा
(C) विभाषा (D) तकनीकी भाषा

**30. संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित भारतीय भाषाओं की संख्या है -**
(A) 14 (B) 16
(C) 17 (D) 22

**31. 'देवभाषा' कौन-सी भाषा है ?**
(A) हिन्दी (B) पाली
(C) संस्कृत (D) खड़ी भाषा

**32. 'हिन्दी' भाषा का जन्म हुआ है -**
(A) लौकिक संस्कृत से (B) पाली प्राकृत से
(C) मागधी अपभ्रंश से (D) वैदिक संस्कृत से

**33. 'हिन्दी' कौन-सी भाषा का शब्द है ?**
(A) संस्कृत (B) फारसी
(C) उर्दू (D) प्राकृत

**34. पंजाबी भाषा का जन्म किस अपभ्रंश से हुआ है ?**
(A) पैशाची (B) शौरसेनी
(C) अर्द्धमागधी (D) ब्राचड

**35. 'रामचरितमानस' की भाषा है ?**

(A) ब्रह्म (B) अवधि

(C) ब्रज (D) मैथिली

**36. जायसी का 'पदमावात' की भाषा है ?**

(A) हिन्दी (B) संस्कृत

(C) ब्रज (D) अवधी

**37. बघेली किसकी बोली है ?**

(A) पहाड़ी (B) राजस्थानी

(C) पूर्वी हिन्दी (D) पश्चिमी हिन्दी

**38. विभाषा किसे कहते है ?**

(A) खड़ी बोली हिन्दी को

(B) हिन्दी-क्षेत्र की प्रमुख बोलियों को

(C) हिन्दी-क्षेत्र की शेष बोलियों को

(D) इनमें से सभी

**39. खड़ी बोली का प्रयोग सबसे पहले किस पुस्तक में हुआ ?**

(A) भक्तिसागर (B) सुखसागर

(C) काव्यसागर (D) प्रेमसागर

**40. किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?**

(A) 15 अगस्त, 1947 (B) 26 जनवरी, 1950

(C) 14 सितम्बर, 1949 (D) 14 सितम्बर, 1950

**41. भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ ?**

(A) पंजाब (B) जम्मू-कश्मीर

(C) राजस्थान (D) आंध्र प्रदेश

**42. भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों की पुनः संरचना की गई थी ?**

(A) 1952 ई॰ में (B) 1953 ई॰ में

(C) 1954 ई॰ में (D) 1956 ई॰ में

**43. तुलसी कृत 'विनय पत्रिका' की भाषा है ?**

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) कन्नौजी (D) कौरवी

**44. संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव किसने रखा ?**

(A) गोपाल स्वामी आयंगर (B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(C) डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर (D) पं॰ जवाहरलाल नेहरू

**45. नागरी प्रचारिणी सभा का स्थापना वर्ष है ?**

(A) 1893 (B) 1857

(C) 1902 (D) 1917

**46. संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ?**

(A) अनुच्छेद-343 (B) अनुच्छेद-344

(C) अनुच्छेद-345 (D) अनुच्छेद-346

**47. वर्ष 1955 में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?**

(A) बी॰ जी॰ खेर (B) सुनीति कुमार चटर्जी

(C) जी॰ बी॰ पंत (D) पी॰ सुब्बोरोयान

**48. 10वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन ( 2015 ) कहाँ आयोजित किया गया ?**

(A) भोपाल (भारत) (B) लंदन (यूके)

(C) नागपुर (भारत) (D) न्यूयार्क (अमेरिका)

**49. भारत वर्ष के लिए हिन्दी भाषा का नाम सबसे पहले किसने सुझाया ?**

(A) राजा राममोहन राय (B) महात्मा गांधी

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर (D) मदन मोहन मालवीय

**50. काशीनागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में कौन नहीं है ?**

(A) बाबू श्यामसुन्दर दास (B) शिवकुमार सिंह

(C) रामनारायण मिश्र (D) रामचन्द्र शुक्ल

**51. 10वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया गया ?**

(A) नागपुर (B) भोपाल

(C) नई दिल्ली (D) जयपुर

**52. हिन्दी साहित्य को कितने काल-खंडो में विभक्त किया गया है ?**

(A) दो (B) चार

(C) पाँच (D) तीन

**53. हिन्दी के अतिरिक्त कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?**

(A) सिंधी (B) पंजाबी

(C) बांग्ला (D) नेपाली

**54. हिन्दी भाषा राज्य के अंतर्गत कौन-सा राज्य नहीं है ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार

(C) झारखंड (D) महाराष्ट्र

**55. 'विश्व हिन्दी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है ?**

(A) 10 दिसम्बर (B) 10 जनवरी

(C) 14 सितम्बर (D) 14 नवम्बर

**56. 12वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 2023 में कहाँ आयोजित किया गया ?**

(A) फिजी (B) मॉरिशस

(C) भारत (D) दक्षिण अफ्रिका

**57. 11वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन ( 2018 ) कहाँ आयोजित किया गया ?**

(A) पारामारिबो (सूरीनाम) (B) पोर्ट लुईस (मॉरिशस)

(C) नागपुर (भारत) (D) जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रिका)

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (B) | 6. (C) | 7. (B) | 8. (C) |
| 9. (C) | 10. (D) | 11. (D) | 12. (A) | 13. (B) | 14. (D) | 15. (B) | 16. (B) |
| 17. (C) | 18. (A) | 19. (C) | 20. (B) | 21. (C) | 22. (B) | 23. (A) | 24. (A) |
| 25. (B) | 26. (A) | 27. (D) | 28. (A) | 29. (B) | 30. (D) | 31. (C) | 32. (B) |
| 33. (B) | 34. (A) | 35. (D) | 36. (D) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (D) | 40. (C) |
| 41. (D) | 42. (D) | 43. (B) | 44. (A) | 45. (A) | 46. (A) | 47. (A) | 48. (A) |
| 49. (D) | 50. (D) | 51. (C) | 52. (B) | 53. (D) | 54. (D) | 55. (B) | 56. (A) |
| 57. (B) | | | | | | | |

# भाषा एवं लिपि

## भाषा की परिभाषा

- जिस साधन के द्वारा मनुष्य अपने भावों और विचारों को लिखकर या बोलकर प्रकट करता है, उसे भाषा कहते है।
- भाषा ध्वनि प्रतीकों की ऐसी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से किसी समाज के सदस्य परस्पर भावों और विचारों का बोलकर या लिखकर आदान-प्रदान या संप्रेषण करते है।
- भाषा भावों या विचारों की अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन है।

## भाषा के रूप

भाषा के दो रूप होते है –
(1) मौखिक और (2) लिखित

1. **मौखिक भाषा :** मौखिक भाषा, भाषा का बोलचाल का रूप है। इस भाषा की आधारभूत ईकाई ध्वनि है। इस भाषा का प्रयोग प्राय: तभी किया जाता है जब श्रोता वक्ता के सामने होता है।
2. **लिखित भाषा :** भाषा का लिखित रूप लिखित भाषा कहलाती है। इस भाषा की आधारभूत इकाई वर्ण है। यह भाषा का स्थायी रूप है, जिसमें हम अपने भावों-विचारों को अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं।

## बोली एवं उपभाषा

**बोली :** किसी छोटे तथा विकसित क्षेत्र में स्थानीय व्यवहार में प्रयुक्त होने वाली भाषा का अल्पविकसित रूप 'बोली' कहलाता है। बोली में साहित्य रचना नहीं होती।

**उपभाषा :** अगर किसी बोली में साहित्य रचना होने लगती है और क्षेत्र का विस्तार हो जाता है तो वह बोली न रहकर 'उपभाषा' बन जाती है।
हिन्दी के अन्तर्गत पाँच उपभाषाएँ एवं अठारह बोलियाँ आती है। इसका विवरण निम्नवत् है –

| उपभाषा | बोली | मुख्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| (i) पश्चिमी हिन्दी | ब्रजभाषा, कन्नौजी, बुन्देली, बांगरू, खड़ी बोली | हरियाणा, उत्तर प्रदेश |
| (ii) पूर्वी हिन्दी | अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी | मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश |
| (iii) बिहारी हिन्दी | मैथिली, मगही, भोजपुरी | बिहार, उत्तर प्रदेश |
| (iv) राजस्थानी हिन्दी | मेवाती, मालवी, मारवाड़ी, जयपुरी | राजस्थान |
| (v) पहाड़ी हिन्दी | गढ़वाली, कुमायंनी, नेपाली | उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश |

**खड़ी बोली :** जिस रूप में आज हिन्दी बोली और समझी जाती है वह खड़ी बोली का साहित्यिक भाषा रूप है, जिसका विकास मुख्यत: उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ। खड़ी बोली का प्राचीन रूप 10 वीं शताब्दी में मिलता है लेकिन चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में अमीर खुसरो द्वारा पहली बार खड़ी बोली हिन्दी में पहेलियाँ एवं मुकरिया रची गई। मध्यकाल तक खड़ी बोली मुख्यत: बोलचाल की भाषा ही रही, साहित्यक भाषा के रूप में नहीं। इसका अर्थ यह था कि उस युग में ब्रजभाषा आपके काव्य की भाषाएँ थी।

**मानकभाषा :** शिष्ट और सुशिक्षित लोगो द्वारा निश्चित, प्रयुक्त तथा व्याकरण सम्मत भाषा रूप ही मानक भाषा कहलाती है।

## संविधान की 8वीं अनुसूची

- भाषा का संबंध संविधान की आठवीं अनुसूची से है।
- 8वीं अनुसूची में आरंभ में 14 भाषाएँ [ 1. असमिया 2. बांग्ला 3. गुजराती 4. हिन्दी 5. कन्नड़ 6. कश्मीरी 7. मलयालम 8. मराठी 9. उड़िया 10. पंजाबी 11. संस्कृत 12. तमिल 13. तेलगू 14. उर्दू ] थी।
- सिंधी भाषा को 15वीं भाषा के रूप में 21वाँ संशोधन 1967 ई० द्वारा मान्यता दी गई।
- तत्पश्चात् 71वाँ संशोधन, 1992 ई० द्वारा इसमें तीन अन्य भाषाएँ – मणिपुरी, नेपाली और कोंकणी को सम्मिलित करने से इनकी संख्या 18 हो गई।
- तदुपरांत 92वाँ संशोधन 2003 द्वारा इसमें चार अन्य भाषाएँ – बोडो, डोगरी, मैथली, संथाली को शामिल किया गया।
- वर्तमान में 8वीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त भाषाओं की संख्या 22 है।

## अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य

- भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी है।
- भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा हिन्दी है जबकि दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा 'तेलगू' है।
- किसी देश या राज्य की राजकाज के लिए प्रयुक्त भाषा राजभाषा कहलाती है।
- 14 सितम्बर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने अनुच्छेद-343 के अन्तर्गत 'हिन्दी' को भारतसंघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है।
- राजभाषा आयोग का प्रथम गठन 1955 में किया गया था, जिसके अध्यक्ष बी०जी० खरे थे।
- भारत की प्राचीन भाषाएँ 'पाली और प्राकृत' है।
- विश्व की सबसे प्राचीन ज्ञात लिखित भाषाएँ सुमेरियन है।
- भाषाई आधार पर गठित सर्वप्रथम राज्य आंध्र-प्रदेश है।

## लिपि की परिभाषा

मौखिक ध्वनियों को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों को लिपि कहा जाता है। अर्थात् किसी भाषा को लिखने का ढ़ंग लिपि है। प्राय: हर भाषा की अपनी लिपि होती है। जैसे :-

**'हिन्दी' देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।**
**'पंजाबी' गुरूमुखी लिपि में लिखी जाती है।**
**'अंग्रेजी' रोमन लिपि में लिखी जाती है।**
**'उर्दू' फारसी लिपि में लिखी जाती है।**
**'बंगला' बंगला लिपि में लिखी जाती है।**
**'अरबी' अरबी लिपि में लिखी जाती है।**

- फारसी लिपि दायीं से बायीं ओर लिखी जाती है।
- देवनागरी और रोमन लिपि बायीं से दायीं ओर लिखी जाती है।
- हिन्दी के अलावा संस्कृत, मराठी, नेपाली भाषाएँ भी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।

- चीनी और जापानी लिपियाँ ऊपर से नीचे की ओर लिखी जाती है।
- भाषा की सभी लिपियाँ ब्राह्मी लिपि से ही निकली है।
- ब्राह्मी लिपि का प्रयोग वैदिक आर्यों ने शुरू किया।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**1. भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ ?**
(A) पंजाब (B) जम्मू-कश्मीर
(C) राजस्थान (D) आंध्र प्रदेश

**2. हिन्दी भाषा की लिपि है ?**
(A) प्राकृत (B) देवनागरी
(C) पाली (D) इनमें से कोई नहीं

**3. गोवा की स्वीकृत राजभाषा है ?**
(A) कोंकणी (B) पुर्तगाली
(C) मराठी (D) गुजराती

**4. कबीर दास की भाषा थी -**
(A) खड़ी बोली (B) सधुक्कड़ी
(C) कन्नौजी (D) ब्रज

**5. वर्तमान हिन्दी का प्रचलित रूप है ?**
(A) अवधी (B) ब्रजभाषा
(C) खड़ी बोली (D) देवनागरी

**6. हिन्दी किस भाषा-परिवार की भाषा है -**
(A) भारोपीय (B) द्रविड़
(C) आस्ट्रिक (D) चीनी-तिब्बती

**7. हिन्दी की आदि जननी है -**
(A) संस्कृत (B) पाली
(C) प्राकृत (D) अपभ्रंश

**8. राजभाषा आयोग का प्रथम गठन कब हुआ था ?**
(A) 1953 (B) 1955
(C) 1943 (D) 1960

**9. अरबी लिपि लिखी जाती है -**
(A) बायें से दायें (B) दायें से बायें
(C) ऊपर से नीचे (D) नीचे से ऊपर

**10. पंजाबी किस लिपि में लिखी जाती है ?**
(A) देवनागरी (B) रोमन
(C) फारसी (D) गुरूमुखी

**11. सिंधी को 15वीं भाषा के रूप में कब मान्यता मिली ?**
(A) 1965 ई॰ (B) 1967 ई॰
(C) 1955 ई॰ (D) 1930 ई॰

**12. वर्तमान में 8 वीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाएँ है ?**
(A) 14 (B) 15
(C) 18 (D) 22

**13. विश्व की सबसे प्राचीन भाषाएँ है ?**
(A) पारसियन (B) सुमेरियन
(D) ग्रीक (D) कोई नहीं

**14. राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे -**
(A) आसफ अली (B) बी॰ जी॰ खरे
(C) यशवंत सिंह (D) जॉन मथाई

**15. भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली दूसरी भाषा कौन-सी है ?**
(A) हिन्दी (B) बांग्ला
(C) तेलगू (D) उर्दू

**16. देवभाषा कौन-सी है ?**
(A) हिन्दी (B) पाली
(C) संस्कृत (D) कोई नहीं

**17. ब्रजभाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?**
(A) गुरुमुखी (B) ब्रह्मी
(C) फारसी (D) देवनागरी

**18. सर्वप्रथम भाषा का प्रयोग किस रूप में हुआ ?**
(A) लिखित (B) मौखिक
(C) सांकेतिक (D) कोई नहीं

**19. भारत की सबसे प्राचीन भाषा है ?**
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) पाली (D) अपभ्रंश

**20. भारत की राष्ट्रभाषा कौन-सी है ?**
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) उर्दू (D) तेलगु

**21. भाषा के लिखने का ढ़ंग है -**
(A) व्याकरण (B) लिपि
(C) वाक्य (D) शब्द

**22. भाषा साधक है -**
(A) अभिव्यक्ति का (B) ज्ञान का
(C) लिखने का (D) बोलने का

**23. पूर्वी हिन्दी किस अपभ्रंश से निकली है ?**
(A) शौरसेनी (B) महाराष्ट्री
(C) मागधी (D) अर्ध-मागधी

**24. ब्रजभाषा का विकास किससे हुआ ?**
(A) उपनागर (B) मागधी
(C) शौरसेनी (D) पैशाची

**25. 'पद्मावत' की भाषा है -**
(A) मैथिली (B) अवधी
(C) भोजपुरी (D) बुन्देली

**26. आधुनिक देवनागरी का प्राचीन रूप है -**
(A) खरोष्ठी (B) ब्राह्मी
(C) देवप्रिय (D) पाली

**27. देवनागरी लिपि में सुधारों का आरंभिक प्रयत्न किसने किया था ?**
(A) राहुल सांकृत्यायन (B) सुनीति कुमार चटर्जी
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) महादेव गोविन्द रानाडे

**28. भाषा की उत्पत्ति किस धातु सें हुई है ?**
(A) भाषा (B) भाष्
(C) भाष्य (D) भास

**29. हिन्दी की उप-भाषाओं की संख्या है ?**
(A) 5 (B) 10
(C) 15 (D) 12

**30. भारत की राजभाषा को कब स्वीकार किया गया ?**
(A) 14 अगस्त, 1950 (B) 14 सितम्बर, 1949
(C) 14 दिसम्बर, 1948 (D) 14 नवम्बर, 1949

**31. 'संघ की भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी' यह संविधान की किस अनुच्छेद में कहा गया है ?**
(A) 343 (B) 372
(C) 350 (D) 243

**32. हिन्दी भाषा के बोलियों की मूल संख्या कितनी है ?**
(A) 22 (B) 25
(C) 15 (D) 18

**33. 'मालवी' हिन्दी की किस उप-भाषा के अंतर्गत आती है ?**
(A) राजस्थानी (B) बिहारी
(C) खड़ी बोली (D) पूर्वी हिन्दी

**34. 'छतीस गढ़ी' बोली किस हिन्दी के अंतर्गत आती है ?**
(A) पहाड़ी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पूर्वी हिन्दी (D) बिहारी हिन्दी

**35. नेपाली भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?**
(A) ब्राह्मी (B) देवनागरी
(c) खरोष्ठी (D) पहाड़ी

**36. 'राष्ट्रभाषा' निम्नलिखित में कौन-सी है ?**
(A) सरकारी काम-काज की भाषा
(B) संविधान-स्वीकृत भाषा
(C) बहु संख्यक देशवासियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा
(D) साहित्य-सृजन की भाषा

**37. खड़ी बोली किस हिन्दी क्षेत्र के अंतर्गत आती है ?**
(A) पूर्वी हिन्दी (B) बिहारी हिन्दी
(C) पश्चिमी हिन्दी (D) पहाड़ी हिन्दी

**38. 'हिन्दी' शब्द की व्युत्पत्ति किस शब्द से हुई है ?**
(A) हिन्द से (B) हिन्दू से
(C) सिन्धु से (D) इनमें से कोई नहीं

**39. संविधान में हिन्दी को कौन-सा दर्जा दिया गया है ?**
(A) राष्ट्रभाषा (B) राजभाषा
(C) आर्यभाषा (D) A और B दोनों

**40. देवनागरी लिपि किस प्रकार की लिपि है ?**
(A) अक्षरात्मक (B) संकेतात्मक
(C) चित्रात्मक (D) ध्वन्यात्मक

**41. किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है ?**
(A) नागालैंड (B) मणिपुर
(C) मेघालय (D) उपर्युक्त सभी

**42. देवनागरी को दक्षिण भारत में किस नाम से जाना जाता है ?**
(A) उत्तरी नागरी (B) ब्रह्म नागरी
(C) देवनागरी (D) नन्द नागरी

**43. कौन-सी भाषा मानक भाषा नहीं मानी जाती है ?**
(A) अंग्रेजी (B) उर्दू
(C) अवधी (D) हिन्दी

**44. बोली के संदर्भ में कौन-सा कथन गलत है ?**
(A) बोली में केवल मौखिक साहित्य-परम्परा होती है।
(B) बोली ही विकसित होकर 'भाषा' बन जाती है।
(C) एक भाषा की अनेक बोलियाँ हो सकती है।
(D) 'बोली' भाषा की आधारशिला है।

**45. खड़ी बोली निम्नलिखित में कहाँ बोली जाती है ?**
(A) झाँसी (B) कानपुर
(C) मेरठ (d) अलीगढ़

**46. शौरसेनी अपभ्रंश से किस उपभाषा का विकास हुआ ?**
(A) राजस्थानी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पूर्वी हिन्दी (D) पहाड़ी

**47. पूर्वी हिन्दी की बोली है ?**
(A) बाँगरू (B) कन्नौजी
(C) बघेली (D) बुन्देली

**48. राजस्थानी उप-भाषा में कितनी बोलियाँ हैं ?**
(A) चार (B) पाँच
(C) छः (D) सात

**49. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि में हुआ है ?**
(A) खरोष्ठी (B) ब्राह्मी
(C) नाग लिपि (D) हिब्रू

**50. खड़ी बोली का उद्भव अपभ्रंश के किस रूप में हुआ ?**
(A) अर्द्ध मागधी (B) मागधी
(C) शौरसेनी का उत्तरी रूप (D) ब्राचड़

**51. खड़ी बोली का सर्वाधिक उपयुक्त प्राचीन नाम है ?**
(A) रेख्ता (B) हिन्दवी
(C) देहलवी (d) कौरवी

**52. हिन्दी साहित्य का इतिहास कितने काल खण्डों में विभाजित है ?**
(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) छः

**53. 'पृथ्वीराज रासो' किस भाषा में रचित है ?**
(A) अवधी (B) ब्रजभाषा
(C) भोजपुरी (D) राजस्थानी

**54. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को अपभ्रंश काल किसने कहा ?**
(A) डॉ॰ धीरेन्द्र वर्मा (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(C) केवल A (D) A और B दोनों

**55. आदिकाल में खड़ी बोली में रचना किसने पहले की ?**
(A) हाजी मुहम्मद (B) विद्यापति
(C) कुशलराय (D) अमीर खुसरो

**56. शुक्लजी ने हिन्दी का प्रथम महाकवि किसको माना है ?**
(A) तुलसीदास (B) विद्यापति
(C) कबीर (D) चन्दबरदाई

**57. हिन्दी की प्रथम साहित्यिक रचना है -**
(A) चन्दबरदाई कृत पृथ्वीराज रासो।
(B) स्वयम्भू कृत पउम चरित।
(C) पुष्पदन्त कृत महापुराण।
(D) रामसिंह कृत पाहुड़ दोहा

**58. हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है -**
(A) आल्ह खण्ड (B) पृथ्वीराज रासो
(C) पद्मावत (D) प्रिय प्रवास

**59. हिन्दी का प्रथम कवि है -**
(A) सरहपाद (B) स्वयम्भू
(C) चन्दबरदाई (D) हेमचन्द्र

**60. हिन्दी का प्रथम बड़ा महाकाव्य है -**
(A) पद्मावत (B) कामायनी
(C) परमाल रासो (D) प्रिय प्रवास

**61. बारहमासा का वर्णन सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में मिलता है ?**
(A) वीसलदेव रासो (B) सन्देश रासो
(C) पृथ्वीराज रासो (D) खुमान रासो

**62. हिन्दी गीतिकाव्य का जनक कौन कवि है ?**
(A) स्वयम्भू (B) विद्यापति
(C) पुष्पदन्त (D) सरहपा

**63. भारत में सर्वाधिक बोली जानेवाली भाषा कौन-सी है ?**
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) तमिल (D) उर्दू

**64. 'हिन्दी' भाषा का जन्म हुआ है ?**
(A) अपभ्रंश से (B) लौकिक संस्कृत से
(C) पालि-प्राकृत से (D) वैदिक संस्कृत से

**65. भारतवर्ष में हिन्दी को आप किस वर्ग में रखेंगे ?**
(A) राजभाषा (B) राष्ट्रभाषा
(C) विभाषा (D) तकनीकी भाषा

**66. निम्नलिखित में कौन-सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है ?**
(A) खड़ी बोली (B) ब्रजभाषा
(C) अवधी (D) पालि

**67. अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि में हुआ ?**
(A) शारदा लिपि (B) खरोष्ठी लिपि
(C) कुटिल लिपि (D) ब्राह्मी लिपि

**68. भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?**
(A) 343-351 तक (B) 434-315 तक
(C) 443-135 तक (D) 334-153 तक

**69. हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?**
(A) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी (B) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(C) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी (D) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**70. संविधान के अनुच्छेद-351 में किस विषय का वर्णन है ?**
(A) संघ की राजभाषा (B) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(C) पत्राचार की भाषा (D) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**71. 'ब्रजभाषा' है ?**
(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) बिहारी हिन्दी (D) पहाड़ी हिन्दी

**72. 'मगही' किस उपभाषा की बोली है ?**
(A) राजस्थानी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पूर्वी हिन्दी (D) बिहारी

**73. भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों की पुनः संरचना की गई थी ?**
(A) 1952 ई॰ में (B) 1953 ई॰ में
(C) 1954 ई॰ में (D) 1956 ई॰ में

**74. किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?**
(A) 15 अगस्त, 1947 ई॰ (B) 26 जनवरी, 1950 ई॰
(C) 14 सितम्बर, 1949 ई॰ (D) 14 सितम्बर, 1950 ई॰

**75. आठवां विश्व हिन्दी सम्मेलन 2007 ई॰ का आयोजन स्थल था -**
(A) नागपुर (B) मारिशस
(C) लंदन (D) न्यूयार्क

**76. मौखिक भाषा की आधारभूत इकाई क्या है -**
(A) वर्ण (B) ध्वनि
(C) वाक्य (D) शब्द

**77. लिखित भाषा की आधारभूत इकाई क्या है -**
(A) वर्ण (B) ध्वनि
(C) वाक्य (D) शब्द

**78. मानक हिन्दी से क्या तात्पर्य है -**
(A) साहित्यिक पुस्तकों की भाषा
(B) साधारण बोलचाल की भाषा
(C) शिष्ट और सुशिक्षित लोगों की भाषा
(D) केवल पढ़ाई-लिखाई की काम में लायी जाने वाली भाषा

**79. किस पुस्तक में हिन्दी का सर्वप्रथम उल्लेख हुआ -**
(A) महाभारत (B) रामचरितमानस
(C) ऋग्वेद (D) अवेस्ता

**80. अपभ्रंश का दूसरा नाम बताइए ?**
(A) अवहट (B) देसी
(C) लोकभाषा (D) पैशाची भाषा

**81. 'प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन' नागपुर (भारत) में कब आयोजित किया गया था ?**
(A) 10-12 जनवरी, 1975 (B) 10-15 जनवरी, 1975
(C) 10-14 जनवरी, 1975 (D) 10-18 जनवरी, 1975

**82. अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी किसने कहा ?**
(A) जायसी (B) अमीर खुसरो
(C) विद्यापति (D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

**83. भाषा की सबसे बड़ी इकाई क्या है ?**
(A) वाक्य (B) ध्वनि
(C) शब्द (D) अर्थ

**84. 'खड़ी बोली' का दूसरा नाम क्या है ?**
(A) मगही (B) कौरवी
(C) हिन्दुस्तानी (D) बघेली

**85. भाषा का प्राचीन रूप किस ग्रंथ में मिलता है ?**
(A) सामवेद (B) अथर्वेद
(C) ऋग्वेद (D) उपनिषद

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (B) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (A) | 7. (A) | 8. (B) |
| 9. (B) | 10. (D) | 11. (B) | 12. (D) | 13. (B) | 14. (B) | 15. (B) | 16. (C) |
| 17. (D) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (A) | 21. (B) | 22. (A) | 23. (D) | 24. (C) |
| 25. (B) | 26. (B) | 27. (C) | 28. (B) | 29. (A) | 30. (B) | 31. (A) | 32. (D) |
| 33. (D) | 34. (C) | 35. (B) | 36. (C) | 37. (C) | 38. (C) | 39. (B) | 40. (A) |
| 41. (A) | 42. (D) | 43. (C) | 44. (A) | 45. (C) | 46. (B) | 47. (C) | 48. (A) |
| 49. (B) | 50. (C) | 51. (A) | 52. (B) | 53. (B) | 54. (D) | 55. (D) | 56. (D) |
| 57. (A) | 58 (B) | 59. (A) | 60. (A) | 61. (A) | 62. (B) | 63. (A) | 64. (A) |
| 65. (A) | 66. (D) | 67. (D) | 68. (A) | 69. (A) | 70. (D) | 71. (B) | 72. (D) |
| 73. (D) | 74. (C) | 75. (D) | 76. (D) | 77. (A) | 78. (A) | 79. (D) | 80. (A) |
| 81. (C) | 82. (D) | 83. (A) | 84. (B) | 85. (C) | | | |

# वर्ण एवं ध्वनि

वर्ण : भाषा की सबसे छोटी इकाई ध्वनि है। वर्ण उस मूल ध्वनि को कहते है जिसके खण्ड एवं टुकड़े नहीं किए जा सकते। जैसे – अ, इ, क्, च् इत्यादि।

वर्णमाला : वर्णों के व्यवस्थित समूह या समुदाय को वर्णमाला कहते है। मूलत: हिन्दी में कुल 50 वर्ण है। जिसमें 13 स्वर, 33 व्यंजन तथा 4 संयुक्त व्यंजन है, जो निम्न प्रकार है –

स्वर : अ आ इ ई उ ऊ (ऋ) ए ऐ ओ औ (अं) (अ:)

[ कुल : 10 + (3) = 13 ]

व्यंजन : –

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | क-वर्ग | – | क | ख | ग | घ | ङ | स्पर्श व्यंजन = 25 |
| | च-वर्ग | – | च | छ | ज | झ | ञ | |
| | ट-वर्ग | – | ट | ठ | ड | ढ़ | ण | |
| | त-वर्ग | – | त | थ | द | ध | न | |
| | प-वर्ग | – | प | फ | ब | भ | म | |
| (ii) | अंत:स्थ | – | य | र | ल | व | = 4 | |
| (iii) | ऊष्म | – | श | ष | स | ह | = 4 | |
| (iv) | संयुक्त | – | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र | = 4 | |

■ संयुक्त व्यंजन : इन व्यंजनों की रचना दो व्यंजनों के मेल से होता है।
जैसे – क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

■ अयोगवाह वर्ण : अं (ं) और अ: (:) को अयोगवाह कहा जाता है, क्योंकि ये न तो पूर्णत: स्वर है और न ही व्यंजन। ये हमेशा स्वर के बाद और व्यंजन के पहले आते है।

## वर्णों के भेद

वर्णों के दो प्रकार है –

A. स्वर वर्ण
B. व्यंजन वर्ण

■ स्वर वर्ण : स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्ण अर्थात् वैसे वर्ण जिनका उच्चारण किसी दूसरे वर्ण के सहायता के बिना होता है 'स्वर' कहलाते है। जैसे – अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ आदि।

## स्वरों का वर्गीकरण

स्वरों के उच्चारण में कंठ एवं तालू का प्रयोग होता है, जीभ, होठ का नहीं। इस तरह उच्चारण के आधार पर स्वर दो प्रकार के होते है –

(a). मूल स्वर या हर्स्व स्वर
(b). दीर्घ स्वर

■ मूल स्वर : जिस स्वरों के उच्चारण में अन्य स्वरों की सहायता नहीं लेनी पड़ती उसे मूल स्वर या हर्स्व स्वर कहते हैं।
जैसे – अ, इ, उ, ऋ

■ दीर्घ स्वर : जिन स्वरों के उच्चारण में मूल स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, उसे दीर्घ स्वर कहते है। जैसे –

आ = अ + अ　　ई = इ + इ
ऊ = उ + उ　　ए = अ + इ
ऐ = अ + ए　　ओ = अ + उ
औ = अ + ओ आदि।

■ व्यंजन वर्ण : स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण अर्थात् जिनका उच्चारण स्वर की सहायता से होता है, 'व्यंजन' कहलाते है।
जैसे – क, ख, ग, घ, ड़, छ आदि।

## व्यंजनों का वर्गीकरण

व्यंजन वर्णों को तीन श्रेणियों में रखा गया है –

(i) स्पर्श
(ii) अंत:स्थ
(iii) उष्म

■ स्पर्श व्यंजन : 'क (क-वर्ग) से म (प-वर्ग)' तक 25 व्यंजन स्पर्श है। इनका उच्चारण क्रमश: कण्ठ, तालु, मुर्द्धा, दन्त, ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से होता है।

■ अंत:स्थ व्यंजन : 'य, र, ल तथा व' अंत:स्थ व्यंजन है। ये स्वर और व्यंजन के बीच स्थित है, जो जीभ, तालु, दाँत और ओठों को परस्पर सटाने से उच्चरित होते है।

■ उष्म व्यंजन : 'श, ष, स और ह' उष्म व्यंजन है, जिनका उच्चारण एक प्रकार की रगड़ से उत्पन्न उष्म (गर्म) वायु से होता है।

याद रखें : प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' ध्वनि छिपी रहती है। जैसे –

क = क् + अ,　　ख = ख् + अ,
च= च् + अ,　　म = म् + अ आदि।

## हिन्दी ध्वनियों के उच्चारण स्थान

मुँह के जिस भाग से वर्णों की ध्वनियों का उच्चारण होता है, उसे उच्चारण स्थान कहते है। उच्चारण स्थान की दृष्टि से वर्णों को निम्नलिखित वर्गों में बाँटा गया है –

| नाम | वर्ण | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|
| कंठ्य वर्ण | अ, आ, क-वर्ग, विसर्ग और ह | कंठ |
| तालव्य वर्ण | इ, ई, च-वर्ग, य और श | तालु |
| मूर्धन्य वर्ण | ऋ, ट-वर्ग, र तथा ष | मूर्धा |
| दंत्य वर्ण | त-वर्ग और स, ल | दंत |
| ओष्ठ्य वर्ण | उ, ऊ और प-वर्ग | ओठ |
| कण्ठ-तालव्य वर्ण | ए और ऐ | कण्ठ-तालु |
| कंठोष्ठ्य वर्ण | ओ और औ | कण्ठ-ओष्ठ |
| दंतोष्ठ्य वर्ण | व और फ | दन्त-ओष्ठ |
| नासिक्य वर्ण | ङ् ञ् ण् न् म् | नासिक |
| अलिजिह्व वर्ण | क़, ख़, ग़, ज़ और फ़ | अलिजिह्व |

## अघोष तथा घोष ध्वनि

स्वर-तंत्रियों (नाद) के आधार पर ध्वनि का वर्गीकरण दो भागों में किया गया है – (i) अघोष ध्वनि
(ii) घोष ध्वनि

■ अघोष ध्वनि : जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वर तंत्रियों में कंपन न हो, उसे अघोष ध्वनि कहते है। अर्थात् हर वर्ग का पहला एवं दूसरा व्यंजन।

जैसे – क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ, श, ष, और स

इस प्रकार अघोष ध्वनियों की संख्या 13 है।

■ घोष ध्वनि : जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वर तंत्रियों में कंपन हो, उसे घोष ध्वनि कहते है। अर्थात् सभी स्वर और हर वर्ग का तीसरा, चौथा तथा पाँचवाँ व्यंजन। जैसे – सभी स्वर ग, घ, ङ, ज, झ, ञ, ड, ढ, ण, द ध, न, ब, भ, म, य, र, ल, व और ह।

इस प्रकार घोष ध्वनियों की संख्या 31 है।

## अल्पप्राण तथा महाप्राण

उच्चारण में वायु प्रक्षेप या श्वास की दृष्टि से दो प्रकार के वर्ण माने गए है – (i) अल्पप्राण

(ii) महाप्राण

■ अल्पप्राण : जिन वर्णों के उच्चारण में मुँह से गर्म वायु का प्रक्षेपण कम या एकदम नहीं हो साथ ही मुँह से 'हकार' की ध्वनि भी न निकले 'अल्पप्राण' वर्ण कहलाते है।

जैसे – (i) प्रत्येक वर्ग का प्रथम, तृतीय और पंचम वर्ण तथा

(ii) अन्तःस्थ व्यंजन।

अर्थात् क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, ....... तथा य, र, ल, व अल्पप्राण वर्ण है।

■ महाप्राण : जिन वर्णों के उच्चारण में मुँह से गर्म वायु का प्रक्षेपण अधिक हो साथ ही मुँह से 'हकार' की ध्वनि भी निकले 'महाप्राण' वर्ण कहलाते है।

जैसे – (i) हर वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा

(ii) उष्म व्यंजन (श, ष, स)

अर्थात् – ख, घ, छ, ज, ठ, ढ़, ........ तथा श, ष, स महाप्राण वर्ण है।

## बलाघात, अनुतान तथा संगम

■ बलाघात या स्वराघात : बोलते समय किसी अक्षर या शब्द पर जो बल दिया जाता है, उसे 'बलाघात' या 'स्वराघात' कहा जाता है। बलाघात का प्रभाव बोलने और समझने पर पड़ता है। जैसे – 'दिन' शब्द में कोई बलाघात नहीं है, पर 'दीन' शब्द में 'दी' वर्ण पर बलाघात काम करता है। इसी से 'दिन' और 'दीन' – इन दोनों शब्दों के अर्थ में अन्तर आ जाता है।

■ अनुतान : उच्चरित ध्वनि की स्वर-लहरियों में उतार-चढ़ाव को 'अनुतान' कहते है। इस स्वर-लहर के कारण 'शब्द' तथा 'वाक्य' के अर्थ बदल जाते है। जैसे –

| | |
|---|---|
| सामान्य कथन | अच्छा |
| प्रश्नवाचक | अच्छा ? |
| आश्चर्य सूचक | अच्छा ! |

पुनः

यह कलम राम की है। (सामान्य कथन)

यह कलम राम की है! (आश्चर्य)

उपर्युक्त दोनों वाक्य समान है। पर, सुर और अनुतान के बदल जाने से प्रथम वाक्य का सामान्य कथन दूसरे वाक्य में आश्चर्य सूचक बन गया है।

■ संगम : शब्दों और वाक्यों के उच्चारण क्रम में अल्पकालीन मौनावस्था या विरामावस्था को संगम कहते है। 'संगम' होने या न होने से वाक्य के अर्थ में अंतर पड़ता है। जैसे –

| | |
|---|---|
| दवाखाना। | – दवा खाना । |
| दवा पीली है। | – दवा पी ली है। |

## वर्ण-विच्छेद

■ वर्ण-विच्छेद : कोई भी शब्द वर्णों के सहयोग से बनता है। किसी शब्द के सभी वर्णों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया को वर्ण विच्छेद कहा जाता है।

## वर्ण विच्छेद के नियम

(i) प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' ध्वनि छिपी रहती है।
अर्थात् क = क् + अ, ख = ख् + अ, च = च् + अ

(ii) संयुक्त व्यंजनों की रचना दो व्यंजनों के मेल से होता है।
अर्थात् क्ष = क् + ष, त्र = त् + र, ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र आदि।

(iii) वर्ण विच्छेद के लिए इन्हें भी याद रखें –
अर्थात् कि = क् + इ, की = क् + ई, क्र = क् + र् + अ
द्य = द् + य् + आ, द्ध = द् + ध् + अ।
नीचे कुछ शब्दों का वर्ण विच्छेद कर दिखाया जा रहा है –

- कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ
- किसान = क् + इ + स् + आ + न् + अ
- रंजन = र् + अं + ज् + अ + न् + अ
- गणेश = ग् + अ + ण् + ए + श् + अ
- विद्यार्थी = व् + इ + द् + य् +आ + र् + थ् + ई
- शिक्षा = श् + इ + क् + ष् + आ
- क्लिष्ट = क् + ल् + इ + ष् + ट् + अ
- रंजय = र् + अं + ज् + अ + य् + अ
- विद्यालय = व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ
- अशुद्ध = अ + श् + उ + द् + ध् + अ
- उपर्युक्त = उ + प् + अ + र् + य् + उ + क् + त् + अ
- स्वास्थ्य = स् + व् + आ + स् + थ् + य् + अ
- व्युत्पत्ति = व् + य् + उ + त् + प् + अ + त् + त् + इ
- ऐतिहासिक = ऐ + त् + इ + ह् + आ + स् + इ + क् + अ
- आक्रमण = आ + क् + र् + अ + म् + अ + ण् + अ
- उद्यान = उ + द् + य् + आ + न् + अ
- आकांक्षा = आ + क् + आं + क् + ष् + आ

## प्लुत वर्ण

■ प्लुत वर्ण : जिन वर्णों के उच्चारण में तिगुना समय लगे प्लुत वर्ण कहलाते है। जैसे – ऊँ । ओइम ।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. क्ष, त्र, ज्ञ वर्ण है –**

(A) संयुक्त व्यंजन (B) ऊष्म व्यंजन

(C) स्पर्श व्यंजन (D) अन्त:स्थ व्यंजन

**2. निम्नलिखित में अयोगवाह किसे कहा गया है ?**

(A) संयुक्त व्यंजन (B) विसर्ग

(C) घोष (D) महाप्राण

**3. 'फ, ब' किस प्रकार के वर्ण है ?**

(A) दन्तोष्ठ्य (B) मूर्धन्य

(C) तालव्य (D) कण्ठोष्ठ्य

**4. ध्वनि किसकी लघुत्तम इकाई है ?**

(A) शब्द (B) भाषा

(C) वाक्य (D) अक्षर

**5. लघुत्तम वाग्-ध्वनि को कहते है -**

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) वर्ण (D) शब्द

**6. वर्णमाला में मात्रा का अर्थ है -**

(A) वर्ण की मात्राएँ

(B) वर्ण के उच्चारण में लगने वाला समय

(C) ध्वनि का परिमाण (D) वर्णों का क्रम

**7. बिना अवरोध के उच्चरित होने वाले वर्ण कहलाते है -**

(A) घोष (B) स्पर्श

(C) स्वर (D) व्यंजन

**8. व्यंजन की परिभाषा है -**

(A) दीर्घ स्वर वाले वर्ण

(B) स्वर की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण

(C) बिना किसी के सहायता से बोले जाने वाले वर्ण

(D) बिना अवरोध के बोले जाने वाले वर्ण

**9. इनमें से कौन स्पर्श व्यंजन है ?**

(A) क-वर्ग (B) च-वर्ग

(C) त-वर्ग (D) ये सभी

**10. 'क्' कौन-सा व्यंजन है ?**

(A) तालव्य (B) दंत्य

(C) मूर्धन्य (D) कंठ्य

**11. उच्चारण स्थान की दृष्टि से 'क-वर्ग' के सभी वर्ण क्या कहलाते है?**

(A) तालव्य (B) कंठ्य

(C) मूर्धन्य (D) दंत्य

**12. निम्नलिखित ध्वनियों में से बताइये कि कौन-सा वर्ण ओष्ठ्य नहीं है ?**

(A) म (B) प

(C) फ (D) ञ

**13. निम्नलिखित वर्णों में कौन-सा मूर्धन्य है ?**

(A) च (B) ज

(C) ट (D) झ

**14. व्यंजनों में बताइए कौन-सा वर्ण महाप्राण है ?**

(A) क (B) ख

(C) ग (D) ङ

**15. निम्नलिखित में संयुक्त व्यंजन कौन-से है ?**

(A) य, र, ल, व (B) श, स, ष, ह

(C) क्ष, त्र, ज्ञ (D) प, फ, ब, भ

**16. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण नासिक्य है ?**

(A) ञ (B) क्ष

(C) छ (D) ष

**17. 'च, छ, ज, झ, ञ' ये ध्वनियाँ क्या कहलाती है ?**

(A) कंठ्य (B) मूर्धन्य

(C) तालव्य (D) दन्तोष्ठ

**18. निम्न में से 'अल्पप्राण' वर्ण कौन है ?**

(A) क, ग (B) अ, आ

(C) फ, भ (D थ, छ

**19. निम्न में से 'तालव्य' ध्वनियाँ कौन-सी है ?**

(A) ड, ढ़, ण, ड़ (B) क, ख, ग, घ

(C) च, छ, ज, झ (D) त, थ, द, ध

**20. वर्णमाला में कुल व्यंजनों की संख्या कितनी है ?**

(A) 11 (B) 45

(C) 33 (D) 50

**21. निम्न में से घोष वर्ण कौन-से है ?**

(A) थ (B) ख

(C) च (D) ह

**22. हिन्दी वर्णमाला में मूल स्वर कितने है ?**

(A) छः (B) सात

(C) चार (D) दो

**23. निम्न में से महाप्राण वर्ण कौन-से है ?**

(A) ख, घ (B) क, च

(C) य, र (D) त, द

**24. वर्णमाला कहते हैं -**

(A) शब्द-समूह को (B) वर्णों के संकलन को

(C) शब्द गणना को (D) वर्णों के व्यवस्थित समूह को

**25. 'ए', 'ऐ' वर्ण क्या कहलाते है ?**

(A) नासिक्य (B) मूर्धन्य

(C) ओष्ठ्य (D) कंठ-तालव्य

**26. 'श', 'ष', 'स', 'ह' कौन-से व्यंजन कहलाते है ?**

(A) प्रकंपी (B) स्पर्शी

(C) संघर्षी (D) स्पर्श-संघर्षी

**27. हिन्दी में मूलतः वर्णों की संख्या कितनी है ?**

(A) 50 (B) 25

(C) 46 (D) 33

**28. अघोष वर्ण कौन-सा है ?**

(A) अ (B) ज

(C) ह (D) स

**29. जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते हैं ?**

(A) अनुस्वार (B) अयोगवाह
(C) अंत:स्थ (D) अकारांत

**30. हिन्दी वर्णमाला के अंतिम पंचमाक्षरों का उच्चारण स्थान क्या है ?**
(A) अनुनासिक (B) कण्ठ्य
(C) तालव्य (D) मूर्धन्य

**31. निम्नलिखित में कौन एक स्पर्श व्यंजन है ?**
(A) श (B) छ
(C) ल (D) ह

**32. इनमें से कौन-सा युग्म अघोष ध्वनि है ?**
(A) ग, घ (B) ड, ढ
(C) प, फ (D) द, ध

**33. 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है ?**
(A) क् + ष (B) क् + च
(C) क् + छ (D) क् + श

**34. निम्नलिखित में से कौन स्वर नहीं है ?**
(A) अ (B) उ
(C) ए (D) ञ

**35. हिन्दी भाषा में वे कौन-सी ध्वनियाँ है, जो स्वतंत्र रूप से बोली या लिखी जाती है ?**
(A) स्वर (B) व्यंजन
(C) वर्ण (D) अक्षर

**36. निम्नलिखित में से कौन एक संयुक्त व्यंजन नहीं है ?**
(A) क्ष (B) ष
(C) त्र (D) ज्ञ

**37. 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान है -**
(A) दन्त्य (B) ओष्ठ्य
(C) तालव्य (D) नासिक्य

**38. मूर्धन्य ध्वनियाँ कौन-सी है ?**
(A) च, छ, ज, झ (B) ट, ठ, ड, ढ
(C) त, थ, द, ध (D) प, फ, ब, भ, म

**39. 'क्ष' ध्वनि किसके अंतर्गत आती है ?**
(A) मूल स्वर (B) घोष वर्ण
(C) संयुक्त वर्ण (D) तालव्य

**40. अघोष वर्ण कौन-सा है ?**
(A) अ (B) ज
(C) ह (D) स

**41. निम्नलिखित में से कौन अयोगवाह है ?**
(A) विसर्ग (B) महाप्राण
(C) संयुक्त व्यंजन (D) अल्पप्राण

**42. निम्नलिखित में कौन-सी पश्च-स्वर है ?**
(A) आ (B) इ
(C) ज (D) ढ

**43. 'श' ध्वनि का उच्चारण स्थान है -**
(A) मूर्धन्य (B) तालव्य
(C) दन्त्य (D) ओष्ठ्य

**44. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है ?**
(A) ज + ञ (B) ज् + ञ
(C) ज + ध (D) ज + न्य

**45. हिन्दी शबदकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है ?**
(A) क (B) छ
(C) त्र (D) ज्ञ

**46. निम्न में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन-सा है ?**
(A) ष (B) ञ
(C) ग (D) ज

**47. भाषा-निर्माण की इकाइयों का सही अनुक्रम है ?**
(A) शब्द, ध्वनि, वाक्य, पद (B) शब्द, वाक्य, ध्वनि, पद
(C) पद, वाक्य, ध्वनि, शब्द (D) ध्वनि, शब्द, पद, वाक्य

**48. कंठोष्ठ्य ध्वनि का उदाहरण है -**
(A) औ (B) ए
(C) क (D) त

**49. य, र, ल, व - किस वर्ग के व्यंजन है ?**
(A) तालव्य (B) ऊष्म
(C) अन्त:स्थ (D) ओष्ठ्य

**50. निम्न में से 'अल्पप्राण' वर्ण कौन-से है ?**
(A) अ, आ (B) क, ग
(C) थ, ध (D) फ, भ

**51. हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी है ?**
(A) आठ (B) नौ
(C) तेरह (D) चौदह

**52. अनुनासिक व्यंजन कौन-से होते है ?**
(A) वर्ग के प्रथमाक्षर (B) वर्ग के तृतीयाक्षर
(C) वर्ग के चतुर्थाक्षर (D) वर्ग के पंचमाक्षर

**53. हिन्दी वर्णमाला में 'अ' और 'अ:' क्या है ?**
(A) स्वर (B) व्यंजन
(C) अयोगवाह (D) संयुक्ताक्षर

**54. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है ?**
(A) अ (B) उ
(C) ए (D) ख

**55. यदि नीचे का होठ पूरी तरह काट दिया जाए, तो किस ध्वनि के उच्चारण में कठिनाई होगी ?**
(A) ल (B) ब
(C) ध (D) ख

**56. निम्नांकित में से उच्चारण स्थान के आधार पर कंठ से लेकर मुख विवर में उच्चरित व्यंजन ध्वनियों का सही अनुक्रम है ?**
(A) कंठ्य, तालव्य, वर्त्स्य, दंत्य, ओष्ठ्य
(B) तालव्य, कंठ्य, ओष्ठ्य, दंत्य, वर्त्स्य
(C) दंत्य, ओष्ठ्य, कंठ्य, वर्त्स्य, तालव्य
(D) ओष्ठ्य, वर्त्स्य, तालव्य, कंठ्य, दंत्य

**57. निम्नलिखीत में कौन 'ट' वर्ग नहीं है ?**

(A) उ (B) ढ

(C) ण (D) घ

**58. तालव्य व्यंजन है ?**

(A) च, छ, ज, झ (B) ट, ठ, ड, ढ

(C) त, थ, द, ध (D) प, फ, ब, भ

**59. निम्न में से कंठ्य ध्वनियाँ कौन-सी है ?**

(A) क, ख (B) य, र

(C) च, ज (D) ट, ण

**60. 'श', 'ष', 'स', 'ह' कौन-से व्यंजन कहलाते हैं ?**

(A) अंत:स्थ (B) संयुक्त

(C) ऊष्म (D) इनमें से कोई नहीं

**61. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती है ?**

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 8

**62. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है ?**

(A) कंठ्य से (B) मूर्धन्य से

(C) तालव्य से (D) ओष्ठ से

**63. निम्न में से घोष वर्ण कौन-सा है ?**

(A) ज (B) क

(C) च (D) ट

**64. वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है ?**

(A) 25 (B) 30

(C) 20 (D) 35

**65. प्रत्येक शब्द की वर्तनी के सभी वर्गों को उसी क्रम में अलग-अलग दिखाना क्या कहलाता है ?**

(A) वर्ण संयोजन (B) वर्ण-विच्छेद

(C) संधि (D) संधि-विच्छेद

**66. जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं, उसे कहते है ?**

(A) संज्ञा (B) स्वर

(C) व्यंजन (D) विसर्ग

**67. स्वर 'ए-ऐ' का उच्चारण स्थान कौन-सा है ?**

(A) कंठोष्ठ (B) दंतोष्ठ

(C) कंठ तालव्य (D) ओष्ठ

**68. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन-सा है ?**

(A) अ (B) आ

(C) इ (D) उ

**69. निम्न में अन्त:स्थ व्यंजन कौन-सा है ?**

(A) ग (B) ज

(C) व (D) स

**70. 'त्र' किन वर्णों के सहयोग से बना है ?**

(A) त + अ (B) त् + र

(C) त + र् (D) त्र् + अ

**71. अयोगवाह कहा जाता है ?**

(A) विसर्ग को (B) महाप्राण को

(C) संयुक्त व्यंजन को (D) अल्पप्राण को

**72. अनुनासिक व्यंजन कौन-से होते है ?**

(A) वर्ग के प्रथमाक्षर (B) वर्ग का तृतीयाक्षर

(C) वर्ग का चौथा व्यंजन (D) वर्ग का पंचमाक्षर

**73. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है ?**

(A) ख (B) ग

(C) घ (D) ठ

**74. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते है ?**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**75. किस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय लगता है ?**

(A) अनुस्वार (B) अनुनासिक

(C) ह्रस्व (D) प्लुत

**76. चवर्ग ध्वनियाँ किस वर्ग में आती है ?**

(A) वत्सर्य (B) कंठ्य

(C) तालव्य (D) दंत्य

**77. निम्न में दीर्घ सवर कौन है ?**

(A) इ (B) ई

(C) ए (D) ऐ

**78. भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई किसे माना जाता है ?**

(A) शब्द (B) वर्ण

(C) अर्थ (D) मात्रा

**79. हिन्दी भाषा में ह्रस्व स्वरों की संख्या कितनी है ?**

(A) ग्यारह (B) चार

(C) सात (D) दो

**80. प्लुत स्वर कौन-सा है ?**

(A) ओउम् (B) अउम

(C) ओम (D) ओम्

**81. स्वर किसका भेद है ?**

(A) सन्धि (B) समास

(C) वर्ण (D) लिंग

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (B) |
| 9. (D) | 10. (D) | 11. (B) | 12. (D) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (A) |
| 17. (C) | 18. (A) | 19. (C) | 20. (C) | 21. (D) | 22. (C) | 23. (A) | 24. (D) |
| 25. (D) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (D) | 29. (D) | 30. (A) | 31. (B) | 32. (C) |
| 33. (A) | 34. (D) | 35. (A) | 36. (B) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (A) |
| 41. (A) | 42. (A) | 43. (B) | 44. (B) | 45. (A) | 46. (B) | 47. (D) | 48. (A) |
| 49. (C) | 50. (B) | 51. (C) | 52. (D) | 53. (C) | 54. (D) | 55. (B) | 56. (A) |
| 57. (D) | 58. (A) | 59. (A) | 60. (C) | 61. (A) | 62. (C) | 63. (A) | 64. (A) |
| 65. (B) | 66. (B) | 67. (C) | 68. (D) | 69. (C) | 70. (B) | 71. (A) | 72. (D) |
| 73. (B) | 74. (A) | 75. (D) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (A) | 79. (B) | 80. (A) |
| 81. (C) | | | | | | | |

# शब्द विचार

**शब्द :** वर्णों या ध्वनियों के मेल से बने हुए स्वतंत्र एवं सार्थक 'वर्ण-समूह' या 'ध्वनि-समूह' को शब्द कहते है। जैसे - पुस्कालय, मकान, मिठाई, महल आदि।

## शब्दों का वर्गीकरण

**शब्दों का वर्गीकरण मुख्यतः चार आधारों पर किया जाता है -**

(i) अर्थ के विचार से
(ii) रचना या व्युत्पति के विचार से
(iii) रूपान्तर या रूप-परिवर्तन के विचार से
(iv) उत्पत्ति या उद्‌गम के विचार से

## सार्थक तथा निरर्थक शब्द

■ **अर्थ की दृष्टि से शब्द दो तरह के होते है -**

(i) सार्थक
(ii) निरर्थक

**सार्थक शब्द :** अर्थपूर्ण शब्दों को अर्थात् वह शब्द जिसका कुछ अर्थ हो, सार्थक शब्द कहलाता है। जैसे - आम, इधर, पानी आदि।

**निरर्थक शब्द :** अर्थहीन शब्दों को अर्थात् वह शब्द जिसका अर्थ स्पष्ट न हो, निरर्थक शब्द कहलाता है। जैसे - मआ, रघइ, नीमा आदि।

## रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द

■ **रचना के आधार पर शब्द तीन तरह के होते है -**

(i) रूढ़
(ii) यौगिक
(iii) योगरूढ़

**रूढ़ :** रूढ़ वे शब्द है जिनके खण्ड निरर्थक होते है। जैसे - घोड़ा, पानी आदि।

यदि घोड़ा में 'घो' और 'ड़ा' को अलग-अलग कर देने से कोई भी अर्थ नहीं निकलता है। अतः घोड़ा एक रूढ़ शब्द है।

**यौगिक :** यौगिक वे शब्द है, जिनके खण्ड सार्थक होते है। जैसे - विद्यालय (विद्या और आलय), रसोईघर (रसोई और घर), गंगाजल (गंगा और जल) के अलग-अलग अर्थ है। अतः वे यौगिक है।

**योगरूढ़ :** योगरूढ़ वे शब्द है, जो अपना सामान्य अर्थ छोड़कर विशेष अर्थ बताते है। जैसे - 'पंकज' शब्द 'पंक' और 'ज' के मेल से बना है, जिसका विशेष अर्थ है - कमल। अतः 'पंकज' योगरूढ़ शब्द है। इसी प्रकार - पिताम्बर, लम्बोदर आदि भी योगरूढ़ शब्द है।

## विकारी तथा अविकारी शब्द

■ **रूपान्तर के आधार पर शब्द दो तरह के होते है -**

(i) विकारी
(ii) अविकारी

**विकारी शब्द :** 'विकारी' वे शब्द है, जिनके लिंग, पुरुष और वचन के कारण रूप बदलते है। जैसे -

लड़का - लड़कें - लड़कों　　खाता - खाती - खाते
मैं - मुझे - मेरा　　अच्छा - अच्छे - अच्छों

**याद रखें :** संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्द विकारी शब्द होते है। जैसे -

**क्रिया-विशेषण अव्यय** - आज, कल, परसों, अब, कब, कैसे, क्यों।
**समुच्चय बोधक अव्यय** - परन्तु, इसलिए, या, और, यदि, क्योंकि।
**संबंध-बोधक अव्यय** - के ऊपर, के नीचे, के पास, से आगे, से पीछे, की ओर, में, से, पर।
**विस्मयादिबोधक अव्यय** - आहा!, हा!, हाय!, ओह!, वाह!

## तत्सम, तद्‌भव, देशज, विदेशज तथा संकर शब्द

■ **उत्पति-उद्‌गम के आधार पर शब्द पाँच तरह के होते है -**

(i) तत्सम्　　(ii) तदभव
(iii) देशज　　(iv) विदेशज
(v) संकर

**(i) तत्सम :** 'तत्सम' (तत् + सम) शब्द का अर्थ है - उसके समान अर्थात् संस्कृत के समान। अतः संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों-का-त्यों प्रयोग में लाते है, तत्सम शब्द कहलाते है। जैसे -
अग्नि, रात्रि, क्षेत्र, वायु, पत्र, माता-पिता आदि।

**(ii) तद्‌भव :** 'तद्‌भव' (तत् + भव) शब्द का अर्थ है - 'उससे होना' अर्थात् संस्कृत शब्दों से विकृत होने से बने शब्द। अतः संस्कृत का ऐसे शब्द जिनका रूप विकृत हो जाता है, तद्‌भव शब्द कहलाते है। जैसे -
आग, हाथ, खेत, पत्ता, रात आदि।

**(iii) देशी/देशज :** जो शब्द अन्य भाषाओं (संस्कृत को छोड़कर) या घरेलू बोलियों से हिन्दी में लाए गये है, वे देशज कहलाते है। जैसे -
कटोरा, लोटा, पगड़ी, पेट, झोला, आदि।

**(iv) विदेशी/विदेशज :** जो शब्द किसी विदेशी भाषा से हिन्दी में मिला लिए गए है, वे विदेशज कहलाते है। जैसे -
आराम - फारसी, डॉक्टर - अंग्रेजी, लाश - तुर्की, दाम - ग्रीक आदि।

**(v) संकर शब्द :** जब दो भिन्न भाषाओं के मेल से नया शब्द बनाया जाता है, तब उसे 'संकर' शब्द कहा जाता है। जैसे -

वर्षगाँठ = वर्ष (संस्कृत) + गाँठ (हिन्दी)
टिकटघर = टिकट (अंग्रेजी) + घर (हिन्दी)
जाँचकर्त्ता = जाँच (हिन्दी) + कर्ता (संस्कृत)
जेलखना = जेल (अंग्रेजी) + खाना (फारसी)
सीलबंद = सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी)

## तत्सम एवं तद्‌भव की सूची

| तत्सम | तद्‌भव | तत्सम | तद्‌भव |
|---|---|---|---|
| • **अग्नि** | आग | • **आम्र** | आम |
| • **अंधकार** | अँधेरा | • **आश्रय** | आसरा |
| • **अस्थि** | हड्डी | • **आश्चर्य** | अचरज |
| • **अर्ध** | आधा | • **उज्ज्वल** | उजला |
| • **अश्रु** | आँसू | • **उलूक** | उल्लू |
| • **अद्‌य** | आज | • **ओष्ठ** | ओठ |
| • **अग्र** | आगे | • **उच्च** | ऊँचा |

| तत्सम | तद्भव | तत्सम | तद्भव |
|---|---|---|---|
| • **क्षीर** | खीर | • **अट्टालिका** | अटारी |
| • **क्षेत्र** | खेत | • **घोटक** | घोड़ा |
| • **गर्दभ** | गधा | • **चर्म** | चाम |
| • **ग्राम** | गाँव | • **चूर्ण** | चून |
| • **ग्रंथि** | गाँठ | • **छिद्र** | छेद |
| • **ग्राहक** | गाहक | • **छत्र** | दाता |
| • **नासिका** | नाक | • **भाह** | भाई |
| • **घृत** | घी | • **चंद्र** | चाँद |
| • **कार्य** | काज | • **अमूल्य** | अमोल |
| • **पत्र** | पत्ता | • **कुठार** | कुल्हाड़ी |
| • **कूप** | कुआँ | • **कर्म** | काम |
| • **दंत** | दाँत | • **दुर्बल** | दुबला |
| • **दधि** | दही | • **धैर्य** | धीरज |
| • **योगी** | जोगी | • **रत्न** | रतन |
| • **निद्रा** | नींद | • **भ्रमर** | भौंरा |
| • **नृत्य** | नाच | • **भगिनी** | बहन |
| • **नव** | नया | • **मस्तक** | माथा |
| • **नग्न** | नंगा | • **मयूर** | मोर |
| • **पक्षी** | पंक्षी | • **मुख** | मुँह |
| • **पृष्ठ** | पीठ | • **मक्षिका** | मक्खी |
| • **प्रस्तर** | पत्थर | • **मित्र** | मीत |
| • **प्रहर** | पहर | • **मृत्तिका** | मिट्टी |
| • **पर्यंक** | पलंग | • **मिष्ट** | मीठा |
| • **बाहु** | बाँह | • **मृत्यु** | मौत |
| • **बिंदु** | बूँद | • **तपस्वी** | तापसी |
| • **भिक्षा** | भीख | • **स्तन** | थन |
| • **सर्प** | साँप | • **हस्त** | हाथ |
| • **सौभाग्य** | सुहाग | • **काक** | कौआ |
| • **रात्रि** | रात | • **लज्जा** | लाज |
| • **लक्ष** | लाख | • **वधू** | बहू |
| • **वानर** | बन्दर | • **वाष्प** | भाप |
| • **वार्ता** | बात | • **विवाह** | व्याह |
| • **शर्करा** | शक्कर | • **श्वसुर** | ससुर |
| • **सत्य** | सच | • **सप्त** | सात |
| • **स्नेह** | नेह | • **हस्ती** | हाथी |
| • **अंक** | आँक | • **चन्द्र** | चाँद |
| • **अष्ट** | आठ | • **ऊर्ण** | ऊन |
| • **अघोर** | औघड़ | • **कंपन** | काँपना |
| • **कर्पूर** | कपूर | • **कज्जल** | काजल |
| • **काष्ठ** | काठ | • **खर्जूर** | खजूर |
| • **जिह्वा** | जीभ | • **दुग्ध** | दूध |
| • **उज्ज्वल** | उजला | • **पंख** | पाँख |
| • **पृष्ठ** | पीठ | • **ज्येष्ठ** | जेठ |
| • **स्वर्ण** | सोना | • **लौह** | लोहा |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1. उद्गम के आधार पर निम्न में कौन-सा शब्द-भेद नहीं है ?**

(A) तत्सम (B) रूढ़
(C) तद्भव (D) विदेशी

**2. तत्सम शब्दों का मूल स्रोत है -**

(A) अप्रभंश (B) प्राकृत
(C) संस्कृत (D) पालि

**3. निम्नलिखित में कौन रूढ़ शब्द है ?**

(A) गोबर (B) चूल्हा
(C) नाक (D) माली

**4. निम्नलिखित में कौन रूढ़ शब्द है ?**

(A) सलाई (B) पेट
(C) पंकज (D) उबटन

**5. निम्नलिखित में कौन योगरूढ़ शब्द है ?**

(A) पुष्प (B) पंकज
(C) कुमुदिनी (D) कमल

**6. निम्नलिखित में कौन योगरूढ़ शब्द है ?**

(A) योद्धा (B) असुर
(C) दशानन (D) राक्षस

**7. 'लक्ष' का तद्भव बताइए -**

(A) लाख (B) लक्ष्य
(C) लच्छ (D) लच्छी

**8. 'ओठ' का तत्सम शब्द है -**

(A) होठ (B) ओट
(C) ओष्ठ (D) अधर

**9. 'बादल' का तत्सम शब्द है -**

(A) मेघ (B) घन
(C) वारिद (D) वाष्प

**10. 'कन्धा' का तत्सम शब्द है -**

(A) इस्कन्ध (B) स्कन्ध
(C) कक्षु (D) कन्धु

**11. 'केला' का तत्सम शब्द है -**

(A) फल (B) ओलक
(C) कदली (D) मेवा

**12. 'उलूक' का तद्भव शब्द है -**

(A) उलक (B) ओलक
(C) रात्रिपथ (D) उल्लू

**13. 'काक' का तद्भव शब्द है -**

(A) काग (B) केका
(C) श्याम वर्ण (D) कागा

**14. 'कुम्भकार' का तद्भव शब्द है -**

(A) कुम्भकार (B) कुम्भहर
(C) कुम्हार (D) कुम्हर

**15. इनमें से कौन-सा शब्द देशज है ?**
(A) काठ (B) गोड़
(C) ऊँट (D) उल्लू

**16. 'पुलिस' किस वर्ग का शब्द है ?**
(A) तत्सम (B) तद्भव
(C) देशज (D) विदेशी

**17. 'दन्त धावन' के विकसित तद्भव शब्द क्या है ?**
(A) दतौंन (B) दातौन
(C) दातुन (D) इनमें से कोई नहीं

**18. 'श्यामल' किस तद्भव शब्द का तत्सम रूप है ?**
(A) सांवला (B) सामले
(C) समालू (D) सम्भल

**19. 'विष्टा' का तद्भव शब्द क्या होगा ?**
(A) वीस (B) विष
(C) विट्टी (D) वीट

**20. योगरूढ़ शब्द का अर्थ है -**
(A) जिसमें कोई रूप परिवर्तन न हो
(B) जिसका अर्थ निश्चित हो
(C) जिसकी कोई व्युत्पत्ति ज्ञात न हो
(D) जो सामान्य अर्थ को छोड़कर परम्परागत अर्थ बताए

**21. शब्द किसे कहते है ?**
(A) एक या एक से अधिक ध्वनि समूह को
(B) एक या एक से अधिक वर्ण समूह को
(C) एक या एक से अधिक सार्थक वर्ण समूह को
(D) ध्वनि की लघुतम इकाई को

**22. शब्दों के वर्गीकरण का आधार है -**
(A) रचना (B) उद्गम
(C) अर्थ (D) ये सभी

**23. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?**
(A) लोहा (B) विस्फोट
(C) जन्म (D) लवण

**24. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?**
(A) बक (B) मुँह
(C) मर्म (D) प्रलाप

**25. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?**
(A) पड़ोसी (B) गोधूम
(C) बहू (D) शहीद

**26. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?**
(A) गुलाम (B) गृह
(C) एला (D) बादल

**27. निम्नलिखित में शब्दों का विषम संयोजन कौन-सा है ?**
(A) रस्सी-तद्भव (B) सरकारी-फारसी
(C) लीची-तुर्की (D) पुरोहित-तत्सम

**28. 'अभिधेयार्थ' वाचक शब्दों का सम्बंध किससे है ?**
(A) प्रेरणात्मकता से (B) परिमाणवाचकता से
(C) मूलार्थ व्यञ्जकता से (D) इन सभी से

**29. सार्थक खण्ड वाले शब्द क्या कहलाते है ?**
(A) रूढ़ (B) योगरूढ़
(C) यौगिक (D) इनमें से कोई नहीं

**30. इनमें अव्यय कौन है ?**
(A) सजल (B) धीरे-धीरे
(C) पतित (D) सुन्दर

**31. पत्र में अपने से बड़े के लिए सम्बोधन शब्द है -**
(A) प्रिय (B) श्रद्धेय
(C) चिरंजीवी (D) आयुष्मान्

**32. पत्र में अपरिचितों को सम्बोधित करने के लिए उपयुक्त शब्द है -**
(A) प्रिय महोदय (B) आदरणीय
(C) श्रीमान् (D) इनमें से कोई नहीं

**33. 'सदा' शब्द क्या है ?**
(A) अव्यय (B) संज्ञा
(C) विशेषण (D) सर्वनाम

**34. निम्नांकित में से अव्यय का कौन-सा भेद नहीं है ?**
(A) विचारादिबोधक (B) भावादिबोधक
(C) समुच्चयबोधक (D) सम्बन्धबोधक

**35. 'हल्दी' का तत्सम है ?**
(A) हरदी (B) हरिद्रा
(C) हल्दिका (D) हरद्रिका

**36. 'बखान' का तत्सम है ?**
(A) वर्णन (B) उल्लेख
(C) व्याख्यान (D) व्याख्याता

**37. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव में से कौन-सा विकल्प अशुद्ध है ?**
(A) नृत्यु-नाच (B) श्रृंगार-सिंगार
(C) चक्षु-आँख (D) दधि-दही

**38. कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है ?**
(A) गोमय (B) घोड़ा
(C) चोंच (D) ऊँट

**39. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव है ?**
(A) मधुप (B) मधुकर
(C) भ्रमर (D) भँवरा

**40. 'गेहूँ' का तत्सम शब्द है ?**
(A) गोधूम (B) गोहूँ
(C) गोहुम (D) गोधुम

**41. कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है ?**
(A) धृत (B) अतिन
(C) दुग्ध (D) आँसू